**केविसं, आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मैसूर**

**प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र 2022-23**

**विषय हिन्दी (आधार ) विषय कोड - 302**

**कक्षा : बारहवीं**

**निर्धारित समय - 3 घंटे** **अधिकतम अंक - 80**

सामान्य और आवश्यक निर्देश -

- इस प्रश्नपत्र में दो खण्ड हैं -खंड 'अ' और 'ब' । कुल 13 प्रश्न हैं ।
- खण्ड 'अ' में 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं, जिनमें से केवल 40 प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।
- खण्ड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों के उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए ।
- दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
- यथासंभव दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमश: लिखिए ।

**खण्ड - 'अ' (वस्तुपरक प्रश्न )**

अपठित गद्यांश

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए । (1 x10 = 10 )

मनुष्य सामाजिक प्राणी है।वह समाज में रहकर अपनी सेवाओं के आदान-प्रदान से सभी इच्छाओं की पूर्ति करता है। यह भावना मित्रता को जन्म देती है। मित्रता का अर्थ है, सहायक या दोस्त जो हर सुख-दुख में हमारा साथ निभाता है। अत: जीवन में मित्रता का महत्त्व सभी लोग स्वीकार करते हैं। सच्ची मित्रता सुख का सार है। सच्ची मित्रता उन बाँहों के समान सहारा देने वाली होती है जो हर मुसीबत में साथ देकर संकट को दूर भगाती है। मित्र बनाते समय हमें सावधानी भी रखनी चाहिए कि अच्छे व्यक्ति को ही अपना मित्र बनाएँ। तड़क-भड़क, शान-शौकत तथा फैशन करने वाले, हँसमुख, मनभावनी चाल देखकर ही किसी को मित्र नहीं बनाना चाहिए। अच्छे मित्र का मिलना परम सौभाग्य की बात मानी जाती है। वह व्यक्ति माता के समान धैर्य तथा कोमलता रखता है। औषधि के समान कड़वी बात कहकर भी हमारी कमियों को दूर भगाता है तथा हमारा सुधार करता है। जैसे विपत्ति में खजाना काम आ जाता है, विपत्ति से बचा लेता है उसी प्रकार एक अच्छा मित्र हरदम हमारा कल्याण चाहता रहता है। मित्र के नाम पर बुरे लोग भी समाज में मिल जाते हैं। वे हमसे नहीं; हमारे पैसे से प्रेम करते हैं। वे हमारी नैतिकता का पतन कराते हैं। अत: हमें उनसे बचकर ही रहना चाहिए। यह सोचकर मित्रता का हाथ बढ़ाना चाहिए कि वह आगामी जीवन में कितना उपयोगी सिद्ध होगा। मित्रता से अनेक लाभ हैं। सच्चा मित्र सुख, दुख में साथ देता है। हमारी सद्वृत्तियों को बढ़ाता है। जीवन का मार्ग आसान होता जाता है। अत: मित्रता के लाभ का महत्त्व स्वत: स्पष्ट हो जाता है।

**(i) मित्रता को जन्म देती है :**

(क) मूर्खता की भावना (ख) सरलता की भावना

(ग) सामाजिकता की भावना (घ) असामाजिकता की भावना

**(ii) हमारी नैतिकता का पतन कराते हैं :**

(क) हमसे प्रेम करने वाले (ख) हमारे पैसे से प्रेम करने वाले

(ग)हमारे सच्चे मित्र (घ)उपर्युक्त सभी

**(iii) हरदम हमारा कल्याण चाहता है :**

(क) सहपाठी (ख) पड़ोसी

(ग) अच्छा मित्र (घ) उपर्युक्त तीनों नहीं

**(iv) निम्न में से सच्चे मित्र की विशेषता नहीं है-**

(क)मुसीबत में साथ देकर संकट को दूर भगाता है। (ख) हमें हमारी कमियाँ नहीं बताता है

(ग) कड़वी बात कहकर भी हमारी कमियों को दूर भगाता है (घ) हमारी सद्‌वृत्तियों को बढ़ाता है

**(v)हमें ऐसे व्यक्ति से मित्रता नहीं करनी चाहिए जो-**

(क) हमें कमियाँ बताता है (ख) मुसीबत में साथ नहीं देता है

(ग) सुख-दुख में साथ देता है (घ)कोई नहीं

**(vi) मित्रता का लाभ नहीं है-**

(क) सुख-दुख में साथ (ख) अच्छाइयों का विकास

(ग) जीवन का मार्ग आसान बनता है (घ) हर समय प्रशंसा मिलती है

**(vii) हमें मित्र बनाना चाहिए-**

(क)हँसमुख व्यक्ति को (ख)तड़क-भड़क वाले को

(ग)फैशन करने वाले को (घ)अच्छे व्यक्ति को

**(viii) 'मित्रता' शब्द व्याकरण के अनुसार है :**

(क) विशेषण (ख) संज्ञा

(ग) प्रविशेषण (घ) सर्वनाम

**(ix) 'सामाजिक' – मूल शब्द व प्रत्यय का सही विकल्प है :**

(क) सामाज + इक (ख) समाज + ईक

(ग) समाज + इक (घ)सामा + जिक

**(x) वह व्यक्ति माता के समान धैर्य तथा कोमलता रखता है। -रचना के आधार पर वाक्य भेद है-**

(क) सरल (ख) संयुक्त

(ग)मिश्र (घ)इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 2. निम्नलिखित पद्यांश में से किसी एक पद्यांश से संबंधित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प-चयन द्वारा दीजिए - (1×5= 5)

ब्रह्मा से कुछ लिखा भाग्य में
मनुज नहीं लाया है
अपना सुख उसने अपने
भुजबल से ही पाया है
प्रकृति नहीं डरकर झुकती है
कभी भाग्य के बल से
सदा हारती वह मनुष्य के
उद्यम से श्रम-जल से
ब्रह्मा का अभिलेख पढ़ा
करते निरुद्यमी प्राणी
धोते वीर कु-अंक भाल के
बहा भ्रुवों के पानी
भाग्यवाद आवरण पाप का
और शस्त्र शोषण का
जिससे रखता दबा एक जन
भाग दूसरे जन का

**(i) 'शोषण का शस्त्र' किसे कहा गया है ?**

(क) परिश्रम को (ख) भुजबल को

(ग) भाग्यवाद को (घ) पाप के आवरण को

**(ii) प्रकृति मनुष्य के आगे झुकती है :**

(क) भाग्य से (ख) स्वयं से

(ग) परिश्रम से (घ) उपर्युक्त तीनों से

(iii) **मनुष्य ने सुख पाया है :**

(क) भाग्य के बल से

(ख) दूसरों के बल से

(ग) भुजबल से

(घ) उपर्युक्त तीनों से

(iv)**इस काव्यांश से क्या प्रेरणा मिलती है?**

(क)शोषण करने की

(ख) भाग्य के भरोसे बैठने की

(ग)उद्यमी प्राणी बनने की

(घ)निरुद्यमी प्राणी बनने की ।

(v) **भाग्य का लेख कैसे लोग पढ़ते हैं?**

(क) उद्यमी

(ख)निरुद्यमी

(ग)परिश्रमी

(घ)उपर्युक्त तीनों

**अथवा**

नीलांबर परिधान हरित पट पर सुन्दर है,
सूर्य-चन्द्र युग मुकुट, मेखला रत्नाकर है,
नदियाँ प्रेम प्रवाह, फूल तारे मंडल हैं,
बंदीजन खग-वृंद शेषफन सिंहासन है,
करते अभिषेक पयोद हैं, बलिहारी इस वेष की,
हे मातृभूमि तू सत्य ही, सगुण मूर्ति सर्वेश की।
जिसकी रज में लोट-लोट कर बड़े हुए हैं
घुटनों के बल सरक-सरक कर खड़े हुए हैं,
परमहंस सम बाल्यकाल में सब सुख पाए,
जिसके कारण धूल भरे हीरे कहलाए,
हम खेले कूदे हर्षयुत, जिसकी प्यारी गोद में।
हे मातृभूमि तुझको निरख, मग्न क्यों न हो मोद में?

(i) **कवि किसके बारे में वर्णन कर रहा है ?**

(क)मातृभूमि

(ख) ईश्वर

(ग) देवभूमि

(घ)नीलांबर

(ii)**कवि ने पृथ्वी का परिधान किसको बताया है ?**

(क) रत्नाकरको

(ख) नीलांबर को

(ग) चन्द्र को

(घ) नदियों को

**(iii)धूलभरे हीरे किसे कहा गया है ?**

(क) मातृभूमि की अमूल्य संतान को ।  (ख) धूल मिट्टी उड़ाने वाले ।

(ग)धूल से भरे हीरे ।  (घ) इनमें से कोई नहीं

**(iv) 'परमहंस सम बाल्यकाल' पंक्ति में अलंकार है-**

(क) यमक  (ख) उपमा  (ग)उत्प्रेक्षा  (घ)रुपक

**(v)'समुद्र' का पर्यायवाची शब्द है:**

(क) नीलांबर  (ख) रत्नाकर  (ग) बंदीजन  (घ) सिंहासन

प्रश्न 3  निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने केलिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए ।(1x5=5)

**(i) निम्न कथनों पर विचार कीजिए-**

कथन(1)हिन्दी का पहला साप्ताहिक समाचार-पत्र उदत्त मार्तंड है।

कथन(2) भारत में पत्रकारिता की शुरूआत 1826 में हुई।

(क) कथन 1 सही है  (ख) कथन 2सही है  (ग) दोनों सही है  (घ) दोनों गलत है

**(ii)घटना के बारे में प्रत्यक्षदर्शियों या संबंधित व्यक्तियों का कथन दिखा और सुनाकर खबर की पुष्टि करना कहलाता है-**

(क) ड्राई एंकर  (ख) लाइव  (ग) एंकर बाइट  (घ) एंकर विजुअल

**(iii)हिन्दी के पहले साप्ताहिक पत्र का संपादन किया गया-**

(क) पं. जुगल किशोर शुक्ल द्वारा  (ख) पं. जुगल किशोर गुप्त द्वारा

(ग) बालमुकुंद गुप्त द्वारा  (घ) इनमें से कोई नहीं

**(iv) समेकित माध्यम है-**

(क) टी. वी.  (ख) इंटरनेट  (ग) अखबार  (घ) रेडियो

**(v) निम्न में से पत्रकार का प्रकार है-**

(क) पूर्णकालिक  (ख) फ्रीलांसर  (ग) अंशकालिक  (घ) सभी

प्रश्न 4 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए ।  (1 x5 = 5 )

मुझसे मिलने को कौन विकल?
मैं होऊँ किसके हित चंचल?
यह प्रश्न शिथिल करता पद को, भरता उर में विह्वलता है!
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!

**(i) प्रस्तुत काव्य पंक्तियाँ किस कविता से ली गई है?**

(क) एक गीत  (ख) कविता के बहाने

(ग) कैमरे में बंद अपाहिज  (घ) सहर्ष स्वीकारा है

**(ii) प्रस्तुत काव्य पंक्तियाँ निम्न में से किस कवि द्‌वारा रचित है?**

(क) कुँवर नारायण (ख) हरिवंशराय बच्चन

(ग) रघुवीर सहाय (घ) शमशेर बहादुर सिंह

**(iii) प्रस्तुत काव्यांश के भाव के सन्दर्भ में कौनसी पंक्ति सही है?**

(क) जीवन के अकेलेपन की पीड़ा की अभिव्यक्ति

(ख) गति के लिए प्रेम ही प्रेरक होता है

(ग) अकेलेपन का बोध लौटते कदमों को शिथिल एवं मन को विह्वल करता है

(घ) उपर्युक्त सभी

**(iv) कवि के पद शिथिल और उर में विह्वलता क्यों है?**

(क) घर में प्रतीक्षा करने वाले परिजन के न होने के कारण

(ख) अकेलेपन के अनुभव के कारण

(ग) उपर्युक्त दोनों कारण

(घ) उपर्युक्त दोनों नहीं

**(v) 'दिन जल्दी-जल्दी ढलता है' में अलंकार है-**

(क) यमक (ख) रूपक (ग) पुनरूक्तिप्रकाश (घ) मानवीकरण

प्रश्न 5. निम्नलिखित गद्‌यांश को ध्यानपूर्वक पढकर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए । (1 x5 = 5 )

सेवक धर्म में हनुमान जी से स्पर्द्‌धा करने वाली भक्तिन किसी अंजना की पुत्री न होकर एक अनामधन्या गोपालिका की कन्या है- नाम है लछिमन अर्थात् लक्ष्मी। पर जैसे मेरे नाम की विशालता मेरे लिए दुर्वह है, वैसे ही लक्ष्मी की समृद्‌धि भक्तिन के कपाल की कुंचित रेखाओं में नहीं बँध सकी। वैसे तो जीवन में प्राय: सभी को अपने-अपने नाम का विरोधाभास लेकर जीना पड़ता है; पर भक्तिन बहुत समझदार है, क्योंकि वह अपना समृद्‌धिसूचक नाम किसी को बताती नहीं।

**(i) प्रस्तुत गद्‌यांश के रचयिता है-**

(क) जैनेन्द्र कुमार (ख) महादेवी वर्मा

(ग) भक्तिन (घ) धर्मवीर भारती

**(ii) भक्तिन के सन्दर्भ में हनुमान जी का उल्लेख हुआ है-**

(क) समझदारी के लिए (ख) स्पर्द्‌धा के लिए

(ग) सेवा भाव के लिए (घ) शक्ति के लिए

**(iii) इस गद्‌यांश में लक्ष्मी किसका वास्तविक नाम है?**

(क) लेखिका (ख) भक्तिन

(ग) अंजना (घ) अंजना की पुत्री

**(iv) वह अपना समृद्‌धिसूचक नाम किसी को बताती नहीं।-यहाँ किस नाम को समृद्‌धिसूचक कहा है?**

(क) भक्तिन (ख) लक्ष्मी

(ग) समृद्धि (घ) इनमें से कोई नहीं

**(v) पर जैसे मेरे नाम की विशालता मेरे लिए दुर्वह है,..- इस पंक्ति में मेरे से आशय है-**

(क) भक्तिन (ख) लक्ष्मी

(ग) लेखिका (घ) अंजना

प्रश्न6.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर हेतु निर्देशानुसार सही विकल्प का चयन कीजिए। (1x10=10)

(i)**मोहन जोदडो अपने काल में किसका केंद्र रहा होगा ?**

(क) सभ्यता का (ख) राजनीति का

(ग) धर्म का (घ) व्यापार का

(ii)**यशोधर बाबू ने किशनदा से निम्न में से किन जीवन मूल्यों को पाया था?**

(क) अनुशासन (ख) कार्यनिष्ठा

(ग) सिध्दांतप्रियता (घ) उपर्युक्त सभी

(iii)**यशोधर बाबू के चरित्र की विशेषता नहीं है-**

(क) समय के पाबंद (ख) आधुनिक

(ग) मानवीय मूल्यों में विश्वास (घ)परंपरावादी

(iv) **सिल्वर वैडिंग कहानी के सन्दर्भ में असंगत है-**

(क) यशोधर बाबू अनिर्णय की स्थिति में हैं।

(ख) जो हुआ होगा में ज्यों का त्यों स्वीकार कर लेने का भाव है।

(ग) सिल्वर वैडिंग के आयोजन में यशोधर बाबू की सहमति थी।

(घ) किशनदा के व्यक्तित्व का यशोधर बाबू पर बहुत ज्यादा प्रभाव था।

(v) **सिंधु घाटी सभ्यता को लो प्रोफ़ाइल सभ्यता कहने के पीछे क्या कारण है ?**

(क) भव्यता का आडंबर नहीं झलकता (ख) टूटे फूटे खंडहर

(ग) गरीबी के कारण (घ) सिंधु घाटी के निवासी खेती करते थे

(vi) **कविता के प्रति लगाव के बाद जूझ के लेखक की धारणा में क्या बदलाव आया?**

(क) आशावादी एवं आत्मविश्वासी बन गया (ख) उसे अकेलापन भी अच्छा लगने लगा

(ग) कविता सृजन में विघ्न स्वीकार्य नहीं (घ) उपर्युक्त सभी

(vii) **जूझ पाठ के आधार पर बताइए कि पढ़ाई – लिखाई के संबंध में किसका रवैया सही नहीं था?**

(क) लेखक का (ख) दत्ताजी राव का

(ग) लेखक के पिता का (घ) लेखक की माता का

(viii) **सिधु घाटी सभ्यता की खूबी उसका सौन्दर्य बोध है जो राजपोषित न होकर समाज पोषित था | ऐसा क्यों कहा गया है ?**

(क) वह सबसे पुरानी सभ्यता है (ख) जल निकासी की उचित व्यवस्था थी

(ग) वहाँ हथियारों और सेना के प्रमाण नहीं मिले (घ) वहाँ व्यापार के प्रमाण मिले

**(ix) हम सिंधु सभ्यता को जल संस्कृति कैसे कह सकते हैं ?**

(क) सभी घरों में नालियाँ थी (ख) जल की पर्याप्त व्यवस्था थी

(ग) कुओं का प्रबंध था (घ) जल निकासी की उत्कृष्ट व्यवस्था

**(x) यशोधर पंत बारबार किस शब्द का प्रयोग करते हैं ?**

क)एक्स्क्यूस मी ख) सॉरी

ग) इट्स ओके घ) सम्हाउ इम्प्रॉपर

**खण्ड 'ब' - (वर्णनात्मक प्रश्न )**

प्रश्न 7. दिए गए अप्रत्याशित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए । (6 x1 = 6 )

क) नई शिक्षा नीति

ख) राष्ट्रीय एकता में हिंदी का स्थान

ग) जहाँ न पहुँचे रवि वहाँ पहुँचे कवि

घ) आज़ादी का अमृत महोत्सव

प्रश्न 8 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए । (3 x2 = 6)

क. कहानी और नाटक में क्या अंतर है ? स्पष्ट कीजिए ।

ख. रेडियो नाटक की अवधि छोटी क्यों रखी जाती है ?

ग. अप्रत्याशित विषयों पर लेख लिखते समय ध्यान देने की बातें क्या -क्या हैं ?

प्रश्न 9. निम्नलिखित तीन में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखिए ।
( 4 x2 = 8)

क. कहानी लेखन से समाचार लेखन की कला किस प्रकार भिन्न है ? समाचार लेखन की शैली का नाम क्या है ?

ख. पत्रकार कितने प्रकार के होते हैं ? वे किस प्रकार एक दूसरे से भिन्न हैं ?

ग. फ़ीचर लेखन में किन किन बातों के ऊपर ध्यान देना चाहिए ।

प्रश्न 10. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए । (3 x2 = 6)

(क) "कैमरे में बंद अपाहिज' करुणा के मुखौटे में छिपी क्रूरता की कविता है'? इस कथन परअपने विचार व्यक्त कीजिए।

(ख) "बात सीधी थी पर" - कविता में भाषा को सहूलियत से बरतने का क्या आशय है ?

(ग) दिन ढलने पर कवि के पद शिथिल होने और उर में विह्वलता का अनुभव होने के क्या कारण हैं? 'एक गीत' के आधार पर लिखिए।

प्रश्न11 काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए । (2 x2 = 4)

क) 'बादल राग ' कविता का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिए ।
ख) 'छोटा मेरा खेत ' कविता में प्रस्तुत रूपक समझाइए
ग) ' पतंग ' नामक कविता में प्रकृति में आए परिवर्तन का वर्णन अपने शब्दों में दीजिए ।

प्रश्न12 . गद्यखंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए । (3 x2= 6)

क) भक्तिन में दुर्गुणों का अभाव नहीं है - स्पष्ट कीजिए ।
ख) बाज़ार के जादू से क्या आशय है? इस जादू से कैसे बचा जा सकता है?
ग) पहलवान की जिंदगी में कौन से तीन पड़ाव आए?

प्रश्न13 . गद्यखंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए । ( 2 x2=4)

क) इंद्र सेना किसे कहा गया है और क्यों? 'काले मेघा पानी दे' के आधार पर बताइए।
ख) शिरीष को अवधूत क्यों कहा गया है ?
ग) जाति-व्यवस्था को श्रम विभाजन का ही एक रूप न मानने के पीछे अंबेडकर के क्या तर्क हैं ?